CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP9 User: cci Time: 04-11-2026 23:42 Color:



# 20 तक पारा पहुंचेगा 40 के पार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अप्रैल के** मध्य में ही इस बार तापमान 40 के करीब पहुंच जाएगा। 20 अप्रैल तक यह 40 डिग्री को पार करने की संभावना है। आमतौर पर अप्रैल के अंतिम हफ्ते में तापमान इस हद तक गर्म होता है। वहीं, आने वाले 10 दिनों में बारिश की संभावना नहीं है। अभी दिन के समय जो हवाएं चल रही हैं, वह भी 13 अप्रैल से कमजोर पड़ जाएंगी।

पूर्वानुमान के अनुसार ही शनिवार को तापमान तेजी से बढ़ा। बीते शुक्रवार की तुलना में इसमें करीब तीन डिग्री का इजाफा देखने को मिला। सुबह से ही धूप खिली हुई थी। अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक रहा। लोदी रोड का अधिकतम तापमान 36 और रिज का 35.5 डिग्री रहा। वहीं, पालम का न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री, रिज का 18.1 डिग्री, लोदी रोड का 17.8 डिग्री और आया नगर का 17.2 डिग्री रहा।

पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को आसमान साफ रहेगा। हवाएं तेज रहेंगी। इनकी गति 15 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रह सकता है। सोमवार से हवाएं सुस्त हो जाएंगी। 13 से 17 अप्रैल 16 अप्रैल के बीच गर्मी तेजी से बढ़ेगी। अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 से 25 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 17 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 से 41 और न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री तक पहुंच सकता है।

## सड़को की मरम्मत पर लगा ब्रेक, सिर्फ 15% काम पूरा

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** ईरान-इजराइल वॉर के चलते सड़क बनाने में इस्तेमाल होने वाले बाइंडिंग मटीरियल बिटुमेन के दामों में पिछले एक-डेढ़ महीने में तेज बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह से दिल्ली में सड़कों की मरम्मत का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। करीब 400 किमी लंबी सड़कों की मरम्मत का टारगेट था लेकिन अब तक सिर्फ 15% काम ही पूरा हो पाया है।


अफसरों की रिपोर्ट के अनुसार बिटुमेन के दामों में करीब 45-50 % तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिन कॉन्ट्रैक्टर्स को काम दिया गया था, वे अब रेट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस प्रस्ताव को कैबिनेट के पास भेजा गया है।

पीडब्ल्यूडी सूत्रों के अनुसार वॉर से पहले बिटुमेन करीब 40 हजार रुपये प्रति टन मिलता था, जो अब बढ़कर 74-76 हजार रुपये प्रति टन हो गया है। दिल्ली-एनसीआर में कीमत बढ़ने के साथ इसकी उपलब्धता भी कम हो गई है। जिन कॉन्ट्रैक्टरों को पुराने रेट पर काम मिला था, वे अब बढ़ी लागत के कारण काम रोक रहे हैं। इसी वजह से सड़क मरम्मत का काम ठप पड़ गया है। बिटुमेन सड़क बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक जरूरी बाइंडिंग पदार्थ है, जो कंक्रीट और पत्थरों को जोड़ता है। यह कच्चे तेल से बनने वाला काला और गाढ़ा मटीरियल है, जो सड़कों को मजबूती और टिकाऊ बनाता है।

### काफी पिछड़ा रहा है मरम्मत का टारगेट

**सीआरआईएफ** फंड से 153 किमी और अन्य फंड से 128 किमी सड़कों की मरम्मत का काम इस साल जुलाई तक पूरा करना था। लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण काम तय समय के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाया। कुल 400 किमी में से अब तक सिर्फ 60 किमी सड़कों की मरम्मत हुई है।










CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 04-11-2026 23:09 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > रविवार, 12 अप्रैल 2026 > चैत्र 22, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 22, संख्या 15 > पेज 22* > मूल्य ₹4.00 या ₹10.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in


*मासिक खरीद पर ही लागू



अब हम होर्मुज को साफ करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे है। कोई अंदाजा नहीं है कि ईरान के साथ बातचीत कैसी रहेगी।

-डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति

# NBT
# संडे नवभारत टाइम्स



पाकिस्तान मे मौजूद ईरानी वार्ताकार ईरान के हितो की रक्षा कर रहे है। सरकार हमेशा लोगो के साथ खड़ी रहेगी।

-मसूद पेजेश्कियन, ईरान के राष्ट्रपति

एनबीटी मे विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।






## STAR WARS

IPL : आज का मैच

**लखनऊ सुपर जॉइंट्स Vs गुजरात टाइटंस**
लखनऊ मे, शाम 3:30 बजे से

**मुंबई इंडियंस Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
मुंबई मे, शाम 7:30 बजे से
टेलिकास्ट : जियोहॉटस्टार पर

## हैपी मॉर्निंग

**पापा:** बेटा, जिंदगी मे कुछ बनना है तो मेहनत करो।
**चिंटू:** पापा, मै तो पहले से ही 'कुछ' हूं। **पापा:** क्या?
**चिंटू:** आपकी उम्मीदो का तारा।

## मौसम

अधिकतम तापमान 34.7°

न्यूनतम तापमान 18.6°

सूर्यास्त रविवार 6:45 | सूर्योदय सोमवार 5:58

अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा।

* 14 + 10 नोएडा टाइम्स
* 14 + 8 गाजियाबाद टाइम्स

## इस्लामाबाद में ईरान की अमेरिका से मांग- लेबनान पर हमले बंद हों, आज भी दोनों करेंगे बैठक

# अमन की आशा

## 47 साल बाद US-ईरान की आमने-सामने बातचीत


■ एपी/पीटीआई, इस्लामाबाद

**ईरान और** अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता मे शांति वार्ता शनिवार को इस्लामाबाद में शुरू हुई तो इससे दौर के बीच अमन की आशा जगी है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वान्स से मुलाकात की, फिर ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबाफ से मिले। दोनों देशों की टीमों से पहले अलग-अलग कमरों मे बात हुई। फिर ईरान और अमेरिकी नेता आमने-सामने बैठे, साथ मे पाकिस्तानी नेता भी रहे। बैठक का पहला राउंड करीब 2 घंटे चला। बातचीत डिनर पर और फिर उसके आगे भी जारी रही। खबर है कि लेबनान मे सीजफायर पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनती दिख रही है। ईरानी सूत्रों का यह भी कहना है कि प्रोज ईरानी संपत्ति को लेकर भी कुछ प्रगति के संकेत मिले हैं। यह मीटिंग आज भी जारी रह सकती है।

**बातचीत का पहला दौर करीब 2 घंटे तक चला, पॉजिटिव संकेत मिले**

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार है, जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े लेवल पर आमने-सामने बैठकर बातचीत की है। बातचीत बंद कमरों में हुई, जिससे जानकारियां स्पष्ट तौर पर देर रात तक सामने नहीं आई, लेकिन दोनों पक्षों के डिनर के बाद भी मुलाकात से आगे और प्रगति की उम्मीद जताई गई।

AP



**बैठक जारी...** इस्लामाबाद मे पाकिस्तान के पीएम से ईरान के मुद्दे पर बात करने जाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वान्स।



**उम्मीदे जगी...** ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबाफ से पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने अलग बात की।

| अमेरिका की तरफ से | ईरान की तरफ से | पाकिस्तान की तरफ से |
|---|---|---|
| जेडी वांस (उपराष्ट्रपति) | मोहम्मद बाकिर गालिबाफ (संसद के स्पीकर) | शहबाज शरीफ (प्रधानमंत्री) |
| स्टीव विटकॉफ (खास दूत) | अब्बास अराघची (विदेश मंत्री) | आसिम मुनीर (आर्मी चीफ) |
| जेरेड कुशनर (ट्रंप के दामाद) | मजीद तख्त रवांची (उप विदेश मंत्री) | इशाक डार (विदेश मंत्री) |
| ब्रैड कूपर (सैन्य अधिकारी) | | आसिम मलिक (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) |

बातचीत अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची।

## 'ईरान हार रहा', ट्रंप के इस बयान से बैठक पर असर

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान मौजूदा संघर्ष में बुरी तरह हार रहा है। ट्रंप ने यह बयान उस वक्त दिया जब पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता जारी है। ट्रंप ने कहा, फेक न्यूज मीडिया ईरान को मजबूत दिखा रहा है, जबकि ईरान की बड़ी हार है। अल जजीरा के मुताबिक शुरुआत में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सहज दिख रहा था, लेकिन ट्रंप की इस तीखी और आक्रामक भाषा ने बातचीत के माहौल को प्रभावित किया है। जेडी वान्स के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है, क्योंकि वह ऐसे युद्ध को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे वह खुद शुरू नहीं करना चाहते थे।

**ट्रंप ने साधा अमेरिकी मीडिया पर निशाना**

## लेबनान के पीएम ने US दौरा रद्द किया



AP

**इस्राइल के हमले** लेबनान मे 24 घंटे मे 200 से ज्यादा जगह हमले।

**मीडिया रिपोर्ट** के मुताबिक लेबनान ने इस्राइल के साथ सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका में बात करने से इनकार कर दिया है। वहीं खबर है कि लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने अपना अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। वह अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाने वाले थे, जहां उनकी मुलाकात अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से होनी थी। नवाफ सलाम ने कहा कि लेबनान के मौजूदा हालात को देखते हुए उनका देश में रहना जरूरी है।

▸▸ पेज 5




# चचेरे भाई ने टैटू से की पहचान

■ नवीन निश्चल, निहाल विहार



3 अप्रैल से था लापता, FIR के लिए एक थाने से दूसरे थाने दौड़ाती रही पुलिस

आउटर दिल्ली के निहाल विहार थाना इलाके में रहने वाला अरुण (19) कई दिनों से लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी जब पता नहीं चला तो उसके एक दोस्त को परिवारवालों ने पकड़ा। फिर उसे निहाल विहार थाना लेकर गए। लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसी बीच पता चला कि अरुण को लेकर उसके दोस्त बादली नहर लेकर गए थे। परिवार वाले फिर बादली थाना पहुंचे। वहां पता चला कि 7 अप्रैल को एक लड़के की डेड बॉडी मिली थी जो बुरी तरह खराब हो चुकी थी। मृतक के भाई करण ने बताया कि चेहरे से पहचान नहीं हो रहा था। लेकिन जब हाथ पर टैटू देखा और कपड़ा तब उसकी पहचान की। उसके बाद बादली थाना की पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा जिस थाना इलाके में रहते है वहां की पुलिस इसमें कार्रवाई करेगी।

हालांकि काफी भागदौड़ के बाद आखिरकार बादली थाना की पुलिस ने छानबीन शुरू की। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि इस मामले में बादली पुलिस ने अरुण के दो दोस्तों को पकड़ा है। जिसमें एक नाबालिग है। तीसरा युवक अभी फरार है जिसे पुलिस तलाश रही है। परिवार का आरोप है कि अरुण की हत्या की गई है। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अरुण परिवार के साथ निहाल विहार थाना इलाके के अध्यापक नगर कॉलोनी में रहता था। उसे 3 अप्रैल को दो दोस्त दिन में बुलाने पर आए थे। लेकिन उस रात अरुण घर नहीं लौटा। कई दिनों तक परिवारवालों ने खोजबीन की।

# ड्रग सिंडिकेट की किंगपिन और मकोका आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शाहदरा जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने ड्रग सिंडिकेट की किंगपिन और मकोका आरोपी महिला कुसुम (54) को गिरफ्तार किया है। कुसुम एक घोषित अपराधी थी। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। यह मकोका एक्ट के तहत भी वांछित थी और लंबे समय से फरार चल रही थी।

**पुलिस ने घोषित कर रखा था 50 हजार का इनाम**

शाहदरा जिला के DCP राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि महिला किंगपिन कुसुम को गिरफ्तार करने के लिए पिछले 2 महीने तक मल्टी-स्टेट ऑपरेशन चलाकर तकनीकी और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन को इंस्पेक्टर महेश कसाना के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। टीम में SI इस्माइल, ASI सुल्तान, नजीर, प्रमोद, महिला हेड कॉन्स्टेबल मिथलेश, कॉन्स्टेबल शाहिद और लखबीर शामिल थे। 9 अप्रैल को सटीक जानकारी मिलने के बाद पकड़ लिया गया।

# रोडरेज में गृह मंत्रालय के अधिकारी को हेलमेट से मारा

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

चाणक्यपुरी इलाके में एक मामूली टक्कर के बाद बाइक सवार ने कार चला रहे शख्स पर हेलमेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल की पहचान 55 वर्षीय रविंदर दहिया के रूप में हुई है, जो गृह मंत्रालय में सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविंदर दहिया परिवार के साथ पालम कॉलोनी के राज नगर-1 में रहते हैं और शास्त्री भवन में कार्यरत है। घटना 9 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे की है जब वह ऑफिस से अपनी कार से घर लौट रहे थे।

**अस्पताल में भर्ती, आरोपी को तलाश रही पुलिस**

सूत्रों के अनुसार पीड़ित जब विनय मार्ग स्थित पेट्रोल/CNG पंप पर बाईं ओर मुड़े, तभी पीछे से आए एक बाइक सवार ने उनकी कार में बाईं ओर टक्कर मार दी। टक्कर मामूली थी और बाइक सवार भी नहीं गिरा, लेकिन इसके बाद विवाद बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक, बाइक सवार गाड़ी खड़ी कर पीड़ित के पास आया और गाली-गलौज करने लगा। रविंदर दहिया के अनुसार, आरोपी के मुंह से बदबू आ रही थी। उन्होंने उसे दूरी बनाकर बात करने को कहा, लेकिन वह और उग्र हो गया। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने हाथ में पकड़े हेलमेट से पीड़ित के सिर पर कई वार कर दिए। हमले के चलते पीड़ित मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए।

# साइबर ठगी: 14 जालसाज पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह 'म्यूल बैंक अकाउंट' के जरिए फर्जी निवेश, पार्ट-टाइम नौकरी और अन्य ऑनलाइन स्कीम के नाम पर ठगते थे। आरोपियों से 79 हजार, 28 फोन, 17 पासबुक, 3 लैपटॉप और 23 ATM कार्ड बरामद हुए।



खादी ग्रामोद्योग भवन
खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
24, रीगल बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001

**सूचना–औद्योगिक परामर्श (प्री–आरएफपी चरण)**

खादी ग्रामोद्योग भवन (केजीबी), दिल्ली द्वारा वेयरहाउस प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक्स सेवाओं हेतु एजेंसी के चयन के लिए औद्योगिक परामर्श आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए इच्छुक एजेंसियों से आमंत्रण किया जाता है। यह परामर्श तकनीकी प्रदाताओं, सेवा प्रदाताओं, सिस्टम इंटीग्रेटर्स, परामर्शदाताओं, स्टार्टअप्स एवं विषय विशेषज्ञों के लिए खुला है। इच्छुक एजेंसियां प्रश्नों एवं सहभागिता की पुष्टि हेतु इस सूचना में उल्लेखित ईमेल पर संपर्क कर सकती हैं।

संपर्क : निदेशक / महाप्रबंधक
ईमेल : kgbnewdelhi.kvic@gov.in | फोन : 011–41045702
प्रस्तुति की अंतिम तिथि : 21.04.2026
अधिक जानकारी हेतु देखें : https://kvic.gov.in/kvicres/tender.php

















**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in